The Sanmarg
Date: 23.09.2018

आईआईटी भुवनेश्वर का सातवां दीक्षांत समारोह आयोजित

भुवनेश्वर : आईआईटी भुवनेश्वर का सातवां दीक्षांत समारोह इसके जटनी के अरुगुल स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित हुआ। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डा आशुतोष शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों और इनके उपदेशकों को ताजा, युवा और उपजाऊ मस्तिष्क में नए विचार बोने के लिए बधाई दिया। अत्याधुनिक इंजीनियरिंग शिक्षा और अनुसंधान के लिए आईआईटी भुवनेश्वर की प्रतिबद्धता का यह स्पष्ट सबूत है। उन्होंने विद्यार्थियों से रोजगार खोजने वाले के बजाय रोजगार पैदा करने वाला बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज अभूतपूर्व वैश्विक तनाव और समावेशी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में चुनौतियां हैं, लेकिन ऊर्जा, जल, पर्यावरण, परिवहन, साइबर फिजिकल सिस्टम और स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी आधारित परिवर्तनकारी बदलाव के मौके भी हैं। कड़ा टीमवर्क सभी अंत:विषय की समस्याओं के समाधान की कुंजी है। शासक मंडल के चेयरमैन पंकज रमनभाई पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यार्थियों को ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करने, नवोन्मेषी बनने और जीवन में प्रगति के लिए सम्मान और परिवेश पर भरोसा करने का गुरु मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि शिखर पर पहुंचने के लिए अंत:विषय दृष्टिकोण आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने और देश निर्माण और देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित किया। निदेशक प्रो आरवी राजा कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्वर्ण पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सलाहकारों और देश के हितों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरातन छात्रों की योजनाओं पर जोर दिया। स्कूल आफ मकैनिकल साइंसेज के बी-टेक बैच के नंदूरी दिवाकर को शैक्षिक प्रदर्शन के लिए भारत के राष्ट्रपति का स्वर्णपदक प्रदान किया। स्कूल आफ बेसिक साइंसेज के एमएससी बैच के छात्र श्यान राय को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए निदेशक का स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। बी-टेक में नंदूरी दिवाकर, रामरेड्डी गरिहुल रेड्डी, कोला लक्ष्मी साय, स्नेहा सुसुन जार्ज, सुधांशु श्रीवास्तव को संस्थान का रजत पदक प्रदान किया गया। एम-टेक में देवलीना मुखर्जी, विकास शर्मा बीएस, बारिक अनुसूया अनुपम स्वाति, पलाश स्वर्णकार, कप्पिलि रवि तेजा, नानजीन निगार सुल्ताना को संस्थान का रजत पदक प्रदान किया गया। एमएससी बैच के छात्र श्यान राय, अस्मितासिंघ राय, राहुल राणा, दीपांजलि हलदर को संस्थान का रजत पदक प्रदान किया गया। कुल 215 विद्यार्थियों ने उपस्थित रहकर अपना प्रमाणपत्र प्राप्त किया।